राज्यपाल सचिवालय
राजभवन जयपुर,

गणतंत्र दिवस पर राजभवन में एट होम आयोजित

जयपुर, 26 जनवरी। राजभवन में 76वें गणतंत्र दिवस पर रविवार को राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी के सान्निध्य में एट होम आयोजित हुआ। सभी ने राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे से मुलाकात कर गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।

एट होम में उप मुख्यमंत्री सुश्री दीया कुमारी, सांसद श्री घनश्याम तिवाड़ी तथा विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट हस्तियां, अधिकारी, गणमान्यजन आदि सम्मिलित हुए।

इस अवसर पर मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक श्री यू.आर. साहू, जनप्रतिनिधि, कुलपति, प्रशासन, पुलिस और सेना के वरिष्ठ अधिकारी, शिक्षाविद, न्यायाधिपतिगण, समाजसेवी, मीडिया के प्रतिनिधि और विशिष्टजन उपस्थित थे।

———————